This Question Paper contains 4 Printed Pages.]

**New Pattern**

# 09H(A)

# HINDI

*(Second language)*

**Parts A and B**

***Time : 2 hours 45 min.]*** ***[Maximum Marks : 80***

## Part - A

***Time : 2 Hours*** ***Marks : 60***

**सूचना :**

1. प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।
2. **भाग - A** के लिए 2 घण्टे का समय निर्धारित है।
3. **भाग - A** के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

**I.** प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए। प्रत्येक उपभाग (1, 2, 3, 4) के लिए **पाँच** अंक निर्धारित हैं।

**1.** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **5×1=5**

घर में देखा तो पुरस्कारों और सम्मानों का भंडार पड़ा है। किंतु इसमें भी विशेष था 'हाथी वाला स्मारक', जो उन्हें उनके इंजीनियरिंग की पढ़ाई के समय कॉलेज की ओर से दिया गया है। उनकी शिक्षा-दीक्षा केरल स्थित अलप्पुझा में हुई। यहीं पर उनका जन्म हुआ था। रक्षा अनुसंधान और विज्ञान को पुरुषों का क्षेत्र माना जाता था। मगर टेसी थॉमस ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़-निश्चय से पुरुष वर्चस्व वाले क्षेत्र में सफलता के नये शिखर तय किये हैं। थॉमस रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डी.आर.डी.ओ.) के अग्नि-5 कार्यक्रम की निदेशक बनीं।

**प्रश्न :**

(1) टेसी थॉमस को दिए गए पुरस्कारों में विशेष पुरस्कार क्या है?

(2) टेसी थॉमस की शिक्षा-दीक्षा किस राज्य में हुई?

(3) टेसी थॉमस का जन्म कहाँ हुआ?

(4) थॉमस किस कार्यक्रम की निदेशक बनीं?

(5) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



2. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर कोष्ठक में लिखिए। **5×1=5**

रक्षाबन्धन त्योहार श्रावण पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों के हाथों में राखी बाँधती हैं। राखी बाँध लेने के बाद भाई का धर्म होता है उस बहन की सुध लेना और रक्षा करना। इस शुभ अवसर पर बहन अपने भाई को मिष्टान्न आदि पकवान खिलाती है। भाई अपनी बहन को इस मौके पर कोई उत्तम उपहार भेंट करता है।

**प्रश्न :**

(1) रक्षाबन्धन का त्योहार कब मनाया जाता है?

(A) पूर्णिमा (B) अमावस्या (C) कार्तिक पूर्णिमा (D) श्रावण पूर्णिमा

(2) रक्षाबन्धन के दिन बहने किसके हाथों में राखी बाँधती है?

(A) भाई (B) चाचा (C) मामा (D) दादा

(3) राखी बाँध लेने के बाद भाई का क्या धर्म होता है?

(A) देख-रेख करना (B) सुध लेना और रक्षा करना

(C) पालन-पोषण करना (D) लापरवाही करना

(4) रक्षाबन्धन के दिन भाई किसे उपहार देते हैं?

(A) माँ (B) दादी (C) बहन (D) चाची

(5) इस गद्यांश में किस त्योहार का वर्णन है?

(A) रक्षाबन्धन (B) दीपावली (C) संक्रांति (D) रमज़ान

3. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **5×1=5**

झम-झम-झम-झम मेघ बरसते हैं सावन के,
छम-छम-छम गिरती बूँदें तरुओं से छन के।
चम-चम बिजली चमक रही रे उर में घन के,
थम-थम दिन के तम में सपने जगते मन के।

**प्रश्न :**

(1) सावन के मेघ कैसे बरसते है?

(2) ''तरु'' शब्द का अर्थ क्या है?



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



(3) किसके उर में बिजली चमक रही है?

(4) मन के सपने कब जगने लगते है?

(5) उपर्युक्त पद्यांश के कवि कौन है?

4. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। 5×1=5

सूरज निकला मिटा अंधेरा,
देखो बच्चों हुआ सवेरा।
आया मीठा हवा का फेरा,
चिड़ियों ने फिर छोड़ा बसेरा।
जागो बच्चों अब मत सोओं,
इतना सुंदर समय न खोओ।

**प्रश्न :**

(1) सूरज निकलने से क्या मिट जाता है?
(A) अंधेरा (B) उजाला (C) दोपहर (D) दिन

(2) हवा का फेरा कैसा है?
(A) कडुवा (B) खट्टा (C) मीठा (D) तीखा

(3) चिड़ियों ने क्या छोड़ा है?
(A) फेरा (B) बसेरा (C) सवेरा (D) अंधेरा

(4) कवि किसे जागने के लिए कहता है?
(A) बूढ़ों को (B) जवानों को (C) स्त्रियों को (D) बच्चों को

(5) कवि बच्चों से क्या न खोने को कहता है?
(A) समय (B) धन (C) पढ़ाई (D) बुराई



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



**II.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए। **6×3=18**

5. रामधारी सिंह दिनकर जी का परिचय दीजिए।

6. ''धतूरे से भी सोने में मादकता अधिक होती है।'' - बिहारी के अनुसार सिद्ध कीजिए।

7. 'गरबा' लोकगीत के बारे में आप क्या जानते है?

8. ''भारत में अनेक भाषाएँ हैं, फिर भी हिंदी को ही राष्ट्रभाषा का दर्जा मिला'' - क्यों?

9. अरूणा की ममता पर अपने विचार बताइये।

10. राजू के प्रति नये स्कूल के साथियों का व्यवहार कैसा था?

**III.** *किसी एक* प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए। **1×6=6**

11. ''भारतीय, विश्वशांति और विश्वबंधुत्व की पवित्र भावनाओं से दुनिया को पवित्र धाम बनायेंगे'' - हम भारतवासी कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

12. रैदास की दास्य भक्ति भावना को भक्ति पद पाठ के आधार पर वर्णन कीजिए।

**IV.** *किसी एक* प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए। **1×6=6**

13. महारानी लक्ष्मीबाई वीरता की प्रतिमूर्ति है। स्पष्ट कीजिए।

14. ''हामिद में बड़े-बुजुर्गों के प्रति आदर, श्रद्धा और स्नेह की भावनाएँ थीं'' - ईदगाह कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**V.** *किसी एक* प्रश्न का उत्तर लिखिए। **1×5=5**

15. अपने मुहल्ले में सफ़ाई का ठीक प्रबंध नहीं है। शिक़ायत करते हुए नगर-निगम के प्रधान के नाम पर पत्र लिखिए।

16. किसी एक शैक्षणिक यात्रा का वर्णन करते हुए अपने मित्र के नाम पर पत्र लिखिए।

**VI.** *किसी एक* विषय पर *निबंध* लिखिए। **1×5=5**

17. ''मानव सभ्यता के विकास में कम्प्यूटर का महत्व'' के बारे में अपने विचार प्रकट कीजिए।

18. ''विद्यार्थी जीवन में नैतिक-शिक्षा अनिवार्य है।'' स्पष्ट कीजिए।

---



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com

This Question Paper contains 4 Printed Pages.]

**New Pattern**

**09H(B)**

# HINDI

*(Second language)*

**Parts A and B**

***Time : 2 hours 45 min.]*** ***[Maximum Marks : 80***

## Part - B

***Time : 30 minutes*** ***Marks : 20***

*सूचना :*

1. **भाग - B** के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न-पत्र में ही लिखिए।
2. **भाग - B** के लिए आधा (½) घण्टे का समय निर्धारित है।

*विशेष सूचना :*

1. **सभी** प्रश्नों के लिए समान अंक निर्धारित हैं।
2. प्रश्नों के उत्तर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए।
3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक **नहीं** दिये जायेंगे।

**1.** धाराओं पर धाराएँ झरती धरती पर। *रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानकर लिखिए।* [ ]

(A) आकाश (B) सूर्य

(C) चाँद (D) पृथ्वी

**2.** मैं कलाम के स्वप्न को साकार करने का प्रयास करूँगा। [ ]

*रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए।*

(A) निसाकार (B) आकार

(C) निराकार (D) असाकार

**3.** वस्तु अमोलक दी म्हारे सतगुरु, किरपा कर अपनायो। [ ]

*रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानकर लिखिए।*

(A) क्रोपा (B) कृपा

(C) करपा (D) करोपा



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com


4. यह काम करना <u>अनुचित</u> है। *रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानिए।* [ ]

(A) अनु
(B) अन्
(C) अ
(D) अनू

5. राजू अब <u>धैर्यवान</u> हो गया। *रेखांकित शब्द में प्रत्यय पहचानिए।* [ ]

(A) आन
(B) न
(C) वान
(D) अवान

6. बड़ों के <u>हितोपदेश</u> अनुकरणीय है। *रेखांकित शब्द संधिविच्छेद कीजिए।* [ ]

(A) हिता + उपदेश
(B) हितो + पदेश
(C) हितो + उपदेश
(D) हित + उपदेश

7. मीराबाई <u>साधु-संतों</u> से मिलकर कृष्ण का भजन करती थी। [ ]
*रेखांकित शब्द का समास पहचानिए।*

(A) द्विगु समास
(B) कर्मधारय समास
(C) तत्पुरुष समास
(D) द्वंद्व समास

8. '1912' को हिंदी अक्षरों में पहचानिए। [ ]

(A) उन्नीस सौ बारह
(B) उन्नीस सौ तेरह
(C) अठारह सौ बारह
(D) अठारह सौ ग्यारह

9. हामिद सबसे ज्यादा प्रसन्न है। *वाक्य में संज्ञा शब्द पहचानिए।* [ ]

(A) है
(B) हामिद
(C) ज्यादा
(D) सबसे

10. हम भारत में रहते हैं। *वाक्य में सर्वनाम शब्द पहचानिए।* [ ]

(A) हम
(B) भारत
(C) रहते हैं
(D) में



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



11. आम का फल मीठा है। *वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए।* [ ]

(A) आम (B) का

(C) मीठा (D) फल

12. हम हिंदी पुस्तक पढ़ते हैं। *वाक्य में क्रिया शब्द पहचानिए।* [ ]

(A) पुस्तक (B) हम

(C) पढ़ते (D) हिंदी

13. कछुआ धीरे-धीरे चलता है। *वाक्य में क्रिया विशेषण शब्द पहचानिए।* [ ]

(A) कछुआ (B) चलता

(C) धीरे-धीरे (D) है

14. गायक गाने गाता है। *स्त्रीलिंग रूपी वाक्य पहचानिए।* [ ]

(A) गायिका गाने गाती है।

(B) गायक गाने गाते हैं।

(C) गायिका गाने गाता है।

(D) गायिका गाने गाते हैं।

15. श्रमिक श्रम करता है। *बहुवचन वाक्य पहचानिए।* [ ]

(A) श्रमिके श्रम करते हैं।

(B) श्रमिक श्रम करती हैं।

(C) श्रमिकों श्रम करते हैं।

(D) श्रमिक श्रम करते हैं।

16. पृथ्वी -------- मानव ने काफी प्रगति कर ली। [ ]

*उचित कारक चिह्न पहचानिए।*

(A) की (B) से

(C) को (D) पर



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



**17.** शुद्ध रूप पहचानिए। [ ]

(A) मैं बाज़ार जाता हूँ।

(B) मैं बाज़ार जाता है।

(C) मैं बाज़ार जाते हो।

(D) मैं बाज़ार जाते हैं।

**18.** सही क्रमवाला वाक्य पहचानिए। [ ]

(A) उन्माद था नदी के पानी में गोदावरी।

(B) गोदावरी नदी के पानी में उन्माद था।

(C) नदी गोदावरी पानी में था उन्माद।

(D) उन्माद था गोदावरी पानी के नदी में।

**19.** मैं ने गृहकार्य किया। *काल पहचानिए।* [ ]

(A) वर्तमान काल

(B) भूतकाल

(C) भविष्यत् काल

(D) संदिग्ध वर्तमान काल

**20.** अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर तबाही मचाने नहीं आए है। [ ]

*रेखांकित मुहावरे का अर्थ पहचानिए।*

(A) धूम-धाम करना

(B) आवाज़ करना

(C) नाश करना

(D) हंगामा करना

---



www.sakshieducation.com